दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



अंक 02/94 | जयपुर | 23 अप्रैल /2025 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## ई.पी. स्कूल खैरथल के छात्र तरुण ने जेईई मैन में गाड़ा झंडा, पूरे देश में 63 वीं रैंक की हासिल

### सफलता से स्कूल परिवार सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है, संस्था निदेशक आजाद चौधरी ने विद्यार्थियों को दी बधाई

मरुधर विशेष



**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** इंजीनियर्स पॉइंट कैरियर इंस्टिट्यूट खैरथल के छात्रों ने जेईई मेन 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्रों ने 12वीं के साथ ही उच्च प्रतिशत प्राप्त कर जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।तरुण कुमार पुत्र किशन कुमार 99.80 प्रतिशत (आल इंडिया रैंक 3110) एस.सी. कैटेगरी में 63 वीं रैंक हासिल कर सफलता का झंडा गाड़ दिया है। इस सफलता से स्कूल परिवार सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है। नीतेश कुमार पुत्र विक्रम सिंह ने 98.96 प्रतिशत, तरुण यादव पुत्र हरकेश यादव ने 98.82 प्रतिशत, राहुल पुत्र मुकेश ने 97.68 प्रतिशत, हिमांशु भूटानी पुत्र लक्ष्मी चंद ने 97.53 प्रतिशत, आदित्य गोठवाल पुत्र राजेश कुमार ने 97.89 प्रतिशत, आयुष जांगिड़ पुत्र प्रमोद जांगिड़ ने 96.29 प्रतिशत जतिन चंदवानी पुत्र राजकुमार ने 96.14 प्रतिशत प्राप्त कर जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है, सफल हुए बच्चों ने इसका श्रेय माता- पिता और गुरुजनों को दिया है,गुरुजनों के आशीर्वाद ओर कोचिंग के सफल निर्देशन के कारण बच्चों ने सफलता हासिल की है, ई.पी. संस्था के निदेशक आजाद चौधरी ने सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई दी देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही चौधरी ने कहा यह उपलब्धि हमारी संस्था की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।

# देवी धौलागढ़ मंदिर पर चढ़ावे व अव्यवस्थाओ को लेकर पंडो व प्रशासन में टकराव

## राजस्व विभाग के कार्मिकों ने पुलिस पर मारपीट व अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप







मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी कठूमर ।** देवी धौलागढ़ के आयोजित किए जा रहे लक्खी मेले के दौरान सोमवार रात्रि को चढ़ावे व अव्यवस्थाओ को लेकर मंदिर के पंडो व प्रशासन में टकराव के बीच पुलिस हस्तक्षेप के दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात राजस्व विभाग के कार्मिकों ने पुलिस पर मारपीट करने व अभद्र व्यवहार कर गाड़ी में ले जाने का आरोप लगाया और मंगलवार को? आरोपी पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया।

इधर दूसरे पक्ष मंदिर महंत ने भी तहसीलदार व राजस्व कार्मिकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

तहसीलदार व मेला मजिस्ट्रेट मदन जाट ने बताया कि मंदिर परिसर में सफाई की अव्यवस्था को लेकर मंदिर के पंडों से कई बार कहा लेकिन सफाई नहीं कराई गई। इसके अलावा भीड़ मे जेबकतरे सक्रिय रहते हैं। इसलिए मैने वहां चढ़ावे में आ रहे कैश को दानपात्र में रखवा दिया इस पर वहां मौजूद पंडो ने नारेबाजी करते हुए पूजा अर्चना व प्रसाद चढ़ाने का काम छोड़ दिया। तो मैंने मेले ड्यूटी में तैनात नायब तहसीलदार व अन्य कार्मिकों को ड्यूटी पर लगा दिया कि कार्य शांतिपूर्ण चल रहा था कि थानाधिकारी व कुछ पुलिस कर्मियों ने वहां ड्यूटी कर पटवारी व गिरदावरो पर हमला कर दिया और मेला मजिस्ट्रेट के बराबर मना करने के बाबजूद भी ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को मारपीट करते अभद्र व्यवहार व मारपीट की गई। इसके विरोध में और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सभी गिरदावरो , पटवारियों, ने धरना प्रदर्शन किया और जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 24अप्रैल से जिले के पटवारी, कानूनगो, नायब तहसीलदार, तहसीलदार अनुच्छेद कल के लिए वही कार्य का बहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन क

इधर मंदिर महंत तोताराम शर्मा पुत्र रेवडराम शर्मा व समस्त ट्रस्टी ने बहतुकला थाने में रिपोर्ट दी कि 18 अप्रैल से शुरू हुए मेले में मेला मजिस्ट्रेट व अन्य कार्मिकों ने व्यवस्था के नाम पर हमें परेशान कर रखा है। और रोज रोज व्यवधान के चलते मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है।और दिनांक 21 अप्रैल को शाम को मेला मजिस्ट्रेट व अन्य कार्मिकों ने पंडा पुजारियों को अपशब्द कहे और जबरदस्ती बेइज्जत कर मंदिर से बाहर निकाल दिया।और रात सात बजे से दस बजे तक मंदिर में भोग प्रसादी भी नहीं लगाने दिया। और व्यवस्था खराब होने पर पुलिस द्वारा तहसीलदार को अवगत कराया गया इस पर उन्होंने पुलिस के साथ भी अभद्रता की।और मंदिर की व्यवस्था पटवारियों से कराने की बात कही। और जबरदस्ती चढ़ावे की राशि हमसे छीन कर दानपात्र में डाल दी।

मेले में रात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रहती है और रात को सात बजे से दस बजे तक भारी भीड़ होने के कारण अव्यवस्था हो रही थी। और भीड़ होने के कारण आमजन बाहर तक फंस रहा था।ऐसे में मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटवारियों को बाहर निकाला गया। मौके पर अशांति फैलाने के लिए दो व्यक्तियों को शांति भंग में भी गिरफतार किया गया। पंडों द्वारा दिए गये परिवाद की जांच जारी है।

संजय शर्मा थानाधिकारी बहतुकला

## कोर्ट में फर्जी जमानत देने वाली गैंग गिरफ्तार

**जयपुर।** कोर्ट में पॉक्सो के आरोपी की जमानत देकर फरार कराने वाली गैंग का खुलासा करते हुए सदर थाना पुलिस ने सरगना सहित 3 आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी भरत सिंह बैजुपाड़ा दौसा, नंद सिंह सिसोदिया उर्फ मोती सिंह नांगल जैसा बोहरा व मनोवर रामगंज के रहने वाले है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि कोर्ट में पॉक्सो के आरोपी की फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमानत देने के मामले में कोर्ट से मिली ऑर्डरशीट के आधार पर दर्ज केस में नंद सिंह व मनोवर को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में कोर्ट ने पॉक्सो आरोपी अमित कुमार पेशी पर नही आया तो कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। तब जांच की पता चला कि जिस मोती सिंह के नाम से जमानत दी गई थी। उनकी एक साल पहले ही मौत हो चुकी। उनके परिजनों ने मोती सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र भी पेश किया। इसके बाद पुलिस ने जमानत देने वाले व्यक्ति की पहचान की तो नंद सिंह सिसोदिया सामने आया। जिसे पकड़कर पूछताछ की तो पहले पुलिस को गुमराह करने की ?कोशिश की, लेकिन उसके पास नंद सिंह व मोती के दस्तावेज के पुख्ता इनपुट मिल गए थे। नंद सिंह ने पूछताछ में बताया कि उसने मनोवर के कहने पर मोती सिंह बनकर पोक्सो के आरोपी अमित कुमार की जमानत दी थी। आरोपी मनोवर का ही जानकार था। ?कोर्ट में पेश होने के बदले 1500 रुपए मिले थे और मनोवर के कहने पर पहले भी कई बार जमानत दे चुका। नंद सिंह पहले ऑटो चलाता था, कुछ समय पहले ऑटो का एक्सीडेंट हो गया। उसके बाद ऑटो नही चला सकता था। तभी मनोवर से संपर्क हुआ तो उसने जमानत देने वाले काम बता दिया। ऐसे में वह करीब 4 साल से लोगों की फर्जी जमानत दे रहा था। उसके बाद पुलिस ने तलाश कर मनोवर को पकड़ा।

- इस गिरोह के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में कोर्ट परिसर में मुंशी का काम करने वाला भरत सिंह और राजेन्द्र मदद करते थे। भरत सिंह को पुलिस ने एक मामले में पहले ही पकड़ लिया था। - इससे पहले एडवोकेट जयप्रकाश ने सदर थाने में केस दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह 11 फरवरी की शाम को एक फोटो स्टेट की दुकान पर गए तो देखा कि एक व्यक्ति के पास सुभाष के नाम से हैसियत प्रमाण पत्र था। जिसमें उनके पुश्तैनी मकान का पता लिखा था। जब उसे पूछा तो खुद का नाम रामगोपाल बताया। पीड़ित उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया और केस दर्ज करवा दिया।

## स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 1 लाख पार

### इतिहास में पहली बार एक लाख पार पहुंचा सोना, 10 ग्राम की कीमत पहुंची 10,1800 रुपए, चांदी हुई सस्ती

एजेंसी



**जयपुर।** सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता का असर कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आने लगा है। यही कारण है कि स्टैंडर्ड सोने की कीमत मंगलवार को एक लाख रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। आज चांदी की कीमत में मामूली गिरावट हुई है। जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1 लाख एक हजार 800 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 94 हजार 800 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 82 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 67 हजार 500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 98 हजार 700 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

## ओयो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने ओरेवल स्टेज के खिलाफ दर्ज एफआईआर में दण्डात्मक कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने यह रोक कंपनी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई। जयपुर के समस्कारा रिसोर्ट ने अशोक नगर थाने में दर्ज एफआईआर में ओयो पर रिसोर्ट की फर्जी बुकिंग दिखाकर अपनी कमाई बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया गया था।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति पहुंचे जयपुर, वेंट ने परिवार सहित आमेर फोर्ट देखा, कहा

# 'पीएम मोदी टफ नेगोसिएटर, वे भारतीय इंडस्ट्री के लिए लड़ते हैं'

एजेंसी

**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को जयपुर में एक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी है। मैं कई देशों में गया हूं, पहली बार भारत आया हूं। अन्य देशों में नीरसता लगती है, लेकिन भारत में जीवंतता महसूस होती है। वेंस ने कहा कि मोदी एक टफ नेगोशिएटर हैं और भारत की इंडस्ट्री के लिए लड़ते हैं। यह मैंने कई बार देखा है।

वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत टफ नेगोशिएटर हैं, वे बहुत ही हार्ड बार्गेनिंग करते हैं। मोदी भारतीय इंडस्ट्री के लिए लड़ते हैं। यह मैंने खुद देखा है कि वे कैसे अपने देश के व्यापारिक हितों के लिए लड़ते हैं। भारत और अमेरिका मिलकर कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग से आगे बढ़ेंगे।

इससे पहले वेंस ने मंगलवार सुबह पत्नी उषा, बेटों विवेक, इवान और बेटी मीराबेल के साथ जयपुर का आमेर किला देखा। वे बेटी को गोद में लेकर घूमते हुए दिखे। वे जयपुर शहर से करीब 10 किमी दूर अरावली की पहाड़ियों पर स्थित आमेर किले में जीप से पहुंचे।

आमेर फोर्ट के जलेब चौक पर दो हाथियों (चंदा और पुष्पा) ने मेहमानों का स्वागत किया। लोक कलाकारों ने भी कच्छी घोड़ी, घूमर और कालबेलिया डांस कर उनका वेलकम किया। इसके बाद



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वेंस के परिवार से मुलाकात की।

वेंस सेंड स्टोन, संगमरमर और पीले पत्थर से बने आमेर फोर्ट पर करीब डेढ़ घंटे रुके। उन्होंने फोर्ट में दीवान-ए-आम, गणेश पोल और मान सिंह महल देखा। इसके साथ ही वेंस के परिवार ने आमेर महल में स्थित विश्व प्रसिद्ध शीशमहल भी देखा। यह शीशमहल कीमती पत्थर और विदेशी कांच से बना है, सैकड़ों साल पहले इसके लिए बेल्जियम से कांच आयात किए गए थे। वेंस ने बेटी को गोद में लेकर फोर्ट को चारों तरफ से दिखाया। पूरा किला देखने के बाद सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वेंस सपरिवार आमेर फोर्ट से जयपुर के रामबाग पैलेस पहुंचे। वेंस जयपुर के रामबाग पैलेस में रुके हैं। मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे वे अपने सुइट से बाहर निकले। गार्डन में नंगे पैर वॉक की। इसके बाद परिवार के साथ ब्रेकफास्ट किया।

### कई देशों में नीरसता, भारत में जीवंतता है

वेंस ने कहा कि मैं दूसरे देशों में भी गया हूं। वहां अकसर एक तरह की नीरसता महसूस होती है, जैसे सब एक जैसे बन जाना चाहते हैं, बाकी दुनिया की नकल करना चाहते हैं। भारत में ऐसा नहीं है। यहां एक जीवंतता है, एक अनंत संभावनाओं की भावना है। नए घर बन रहे हैं, नई इमारतें बन रही हैं और जीवन समृद्ध हो रहा है, भारतीय होने का एक गर्व है और एक उत्साह है।

### यहां मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी

जेडी वेंस ने समिट में कहा कि यह भारत की मेरी पहली यात्रा है, उस देश की, जहां मेरी पत्नी के पेरेंट्स ने जन्म लिया। मैं भारत की प्राचीन वास्तुकला की सुंदरता से, भारत के इतिहास और परंपराओं की समृद्धता से बहुत प्रभावित हुआ हूं, लेकिन इसके साथ-साथ मैं भविष्य पर भारत की तेज नजर से भी बहुत प्रभावित हुआ हूं। मुझे लगता है कि इतिहास और परंपरा के प्रति यह सम्मान और भविष्य के प्रति यह समर्पण भारत को ऊर्जा देती है।

### भारत-अमेरिका ट्रेड समझौता होने के आसार

समिट को संबोधित करते हुए वेंस ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ट्रेड एग्रीमेंट होने के आसार हैं। वेंस ने इसके संकेत दिए हैं। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। भारत और यूएस मिलकर काम करना चाहते हैं। फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर बात हुई है। हम कई क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहते हैं। हमारी दोनों सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर रही हैं, जल्द नतीजे पर पहुंचेंगे। मेरी पीएम मोदी से भी चर्चा हुई है, ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई है।

## यूपीएससी सिविल सर्विसेज का फाइनल रिजल्ट जारी, शक्ति दुबे टॉपर

एजेन्सी



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को 22 अप्रैल को सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया। इस बार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वालीं शक्ति दुबे ने पहला स्थान हासिल किया है। हर्षिता गोयल दूसरे और डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

शक्ति दुबे की सफलता से उनका पूरा परिवार बहुत खुश है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा है, 'मैंने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की। मैंने घर में सबको बताया कि वे सभी बहुत खुश हैं। पहले तो यकीन करना मुश्किल था, लेकिन धीरे-धीरे यह भावना मेरे अंदर घर कर गई। मेरे भाई ने भविष्यवाणी की थी कि मैं प्रथम स्थान हासिल करूंगी।

## खटाई में जयपुर में आईपीएल मैच

### फिक्सिंग के आरोप से खफा राजस्थान रॉयल्स का बीसीसीआई को पत्र, लिखा- वेन्यू शिफ्ट करें

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में हुए पिछले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले को लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के कन्वीनर और बीजेपी विधायक जयदीप बिहानी ने सवाल खड़े किए। बिहानी ने एसएमएस स्टेडियम में पिछला मैच फिक्स होने का आरोप लगाया। बिहानी ने पूछा कि 19 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जायंट्स से मैच क्यों हारी, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ के खिलाफ रॉयल्स का मैच फिक्स था। आखिरी ओवर में रॉयल्स के लिए 9 रन बनाना आसान था और वो भी तब जब हाथ में छह विकेट हों, लेकिन दो रन से हार गई. बिहानी ने कहा कि इस मैच की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। जो भी रिपोर्ट आए उसे सार्वजनिक किया जाए। बिहानी के आरोप के बाद आईपीएल के जयपुर में आगामी मुकाबलों पर संकट खड़ा हो सकता है।

### मैच फिक्सिंग का आरोप निंदनीय और निराधार

राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा। इसमें बिहानी के बयान पर कार्रवाई होनी चाहिए। रॉयल्स के वाइस प्रेसिडेंट राजीव खन्ना ने कहा कि बिहानी को यह बयान शोभा नहीं देता। बिहानी से मिला भी नहीं हूं. समझ नहीं पा रहा कि वे ऐसी बयानबाजी क्यों कर रहे हैं?

# संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कुछ नहीं, सांसद असली मालिक : धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर चल रही बहस के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संसद ही सबसे ऊपर है। धनखड़ दिल्ली यूनिवर्सिटी में संविधान पर आयोजित प्रोग्राम में स्पीच दे रहे थे। धनखड़ ने कहा, संसद सर्वोच्च है और उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता। सांसद ही असली मालिक हैं, वही तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और सत्ता नहीं हो सकती। इससे पहले 17 अप्रैल को धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का काम ऐसा है, जैसे वो सुप्रीम संसद हो।



धनखड़ का यह बयान तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का मामला पहुंचा है। दुबे ने कहा था कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में सीजेआई किसी राष्ट्रपति को निर्देश कैसे दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट और संसद के कार्यक्षेत्र को लेकर बहस तमिलनाडु सरकार और वहां के राज्यपाल के बीच विवाद से शुरू हुई थी। राज्य सरकार के बिल रोके जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को समय सीमा के भीतर एक्शन लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के बिलों को लेकर राष्ट्रपति के लिए भी एक महीने की टाइम लाइन तय कर दी थी। इस फैसले के बाद निशिकांत दुबे और जगदीप धनखड़ ने बयान दिए।

## जालावास मनेठी में मैडा बाबा का विशाल भंडारा एवं मेले का आयोजन




मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** जालावास मनेठी स्थित बाबा मैडा वाले बाबा विशाल मेला एवं भंडारा मंगलवार को आयोजित हुआ।सोमवार रात्रि को बाबा की महिमा का गुणगान कर जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार को सुबह हवन यज्ञ कर मेले एवं भंडारे का शुभारंभ किया। मेला विकास कमेटी अध्यक्ष सुरेश मिश्रा उप सरपंच एवं कोषाध्यक्ष दयाराम यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह बाबा का दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार को वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता, रात्रि जागरण एवं मंगलवार को मेला व भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर पर पहुंचकर मत्था टेककर परिवार की खुशहाली की कामना की। वही विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा का प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी कलाकारों के द्वारा बाबा की महिमा का दिन भर गुणगान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन रविंद्र जोशी मास्टर जाट बहरोड के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के दौरान जालावास सरपंच अजीत यादव, महेंद्रपाल पूर्व कमिश्नर ,नवल फौजी, महिपाल यादव,रमेश चंद,रामअवतार भीमसिंह,पवन,विजय सोनी सहित मेला कमेटी सदस्य एवं आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

## संगठनात्मक नियुक्ति राजेंद्र उपाध्याय प्रदेश सचिव

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़ विप्र फाउंडेशन जॉन 1 के प्रभारी प्रमोद पालीवाल एवं विप्र फाउंडेशन जॉन 1 के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र पालीवाल के निर्देशानुसार विप्र फाउंडेशन जॉन 1 में वर्ष 2024-26 की प्रदेश कार्यकारणी में राजेंद्र उपाध्याय परतापुर को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। ये जानकारी योगेश जोशी प्रदेश महामंत्री विप्र फाउंडेशन ने दी

## ग्राम चावड़ का नंगला में लगी भीषण आग, सैकड़ों मन ईंधन उपले जलकर हुए स्वाहा

### पांच दमकलो द्वारा बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया



मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर ।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम चावड़ का नंगला में मंगलवार को बिजली का तार टूटने से 5 बीघा जमीन में रखे गांव के सभी ग्रामीणों के सैकड़ों मन ईंधन उपले जलकर हुए स्वाहा हो गये। और आग इतनी भीषण थी कि पांच दमकलो द्वारा बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग के दौरान करीब तीन दर्जन छोटे बड़े पेड़ जल गये। जानकारी के अनुसार कि गांव चावड के नंगला में लगभग 5 बीघा जमीन में रखे पूरे गांव वालों के ईंधन उपले रखें थे। और दोपहर दो बजे वहां शाट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। और देखते ही देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर एसडीएम श्याम सुन्दर चेतीवाल, तहसीलदार मदन जाट, ईओ नरसीलाल मीणा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। और आग लगने से गांव वासियों में हड़कंप मच गया, आग की लपटे देख आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बेकाबू होने के कारण फायर ब्रिगेड पांच जगहों खेड़ली, नदबई भुसावर, महुआ की दमकलें मौके पर पहुंचे। और दमकलो द्वारा आग पर काबू पाया।

## 30 अप्रेल परशुराम जयंती पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 12.15 तक कवि सम्मेलन का आयोजन

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:**(अभियान आजतक) विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा सनातन समाज के सहयोग से परशुराम जन्मोत्सव से शंकराचार्य जयन्ती तक आयोजित विष्णु महा यज्ञ और विशाल गंगा जल कलश यात्रा के साथ 30 अप्रेल परशुराम जयंती पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 12.15 तक कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। उक्त जानकारी आयोजन के संयोजक विनोद पानेरी ने देते हुए बताया की कवि सम्मेलन का निर्णय विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी, कार्यक्रम सरक्षक विवेकानंद महाराज परशुराम सेवा सस्थान संयोजक महेश जोशी सह संयोजक राजेंद्र जोशी मनोज जोशी की उपस्थिति मे निर्णय लिया गया। विनोद पानेरी ने बताया की इस अवसर पर गीतकार सतीश आचार्य, कवि एवम मंच संचालक विपुल "विद्रोही " पड्या, गीत कार विपिन "वत्स" शर्मा सागवाड़ा, कवियित्री सारिका भुवन छिछ, रास्ट्रिय कवि तारेश दवे, भवर गर्ग "मधुकर" साहित्य कार ठीकरिया,रोहिणी पड्या वीर रस कवियित्री नवागाव अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे।

## कठूमर विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा निलंबित

मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर ।** पंचायत समिति के विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा को गोविन्दगढ वीडियो पद रहते अनियमितता बरतने के मामले में निलंबित कर मुख्यालय पंचायत राज विभाग जयपुर किया गया है। ग्रामीण व पंचायत राज विभाग के शासन सचिव व आयुक्त डॉ जोगाराम ने बच्चू सिंह मीणा के गोविन्दगढ वीडियो रहते 4 जुलाई 2023 को वित्तीय स्वीकृति के बाद किये गये कार्यों की जांच के बाद पाया गया कि ये वित्तीय स्वीकृति पूर्ण रूप से नियम विरुद्ध की गई है। और इसमें बच्चूसिंह मीणा को विभागीय जांच के दौरान दोषी पाया गया है। और इस मामले में कार्रवाई करते हुए बच्चू सिंह को निलंबित किया गया।

# मोटरसायकल में छिपाकर 4 किलो से ज्यादा गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

मरुधर विशेष



**करन सोनी** बलरामपुर। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। थाना शंकरगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 04 किलो 359 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपियों ने यह मादक पदार्थ मोटरसायकल में छिपाकर तस्करी करने की कोशिश की थी। पुलिस ने दो मोटरसायकल और दो मोबाइल फोन भी जप्त किए हैं।

पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल जानकारी मिली कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर शंकरगढ़ की ओर जा रहे हैं। इन व्यक्तियों के पास टीव्हीएस रायडर मोटरसायकल थी। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी शंकरगढ़, निरीक्षक जितेन्द्र सोनी ने अपनी टीम के साथ चिरई घाट पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताई गई पहचान के आधार पर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। जांच के दौरान, पुलिस ने मोटरसायकल से 350 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके बाद आरोपी ने अपने बयान में बताया कि वह गांजा की आपूर्ति कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति से करते हैं, जो इसे उफिया जगीमा पटना जंगल से लेकर आता है। आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने कुलदीप सिंह को पकड़ने के लिए जगीमा पटना जंगल में घेराबंदी की। यहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 04 किलो 309 ग्राम गांजा बरामद किया। इस प्रकार, तीनों आरोपियों से कुल 04 किलो 359 ग्राम गांजा, दो मोटरसायकल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामगुलाम पाण्डेय (25 वर्ष), महेन्द्र सोनवानी (18 वर्ष) और कुलदीप सिंह (51 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी बलरामपुर जिले के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में बहरोड़ क्षेत्र के दो युवाओं को मिली सफलता आज का दिन बहरोड़ के लिए खुशियों का रहा उपखंड क्षेत्र के दो युवक उत्कर्ष और तरुण का यूपीएससी में हुआ चयन: उत्कर्ष की 32 और तरुण की आई 203वीं रैंक,

मरुधर विशेष

**बहरोड़(धर्मेन्द्र चर्खिया)** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में बहरोड़ के दो युवाओं ने सफलता हासिल की है। गांव हमींदपुर के उत्कर्ष यादव ने 32वीं रैंक व गांव डवानी के तरुण कुमार यादव ने 203वीं रैंक प्राप्त की है। बहरोड़ क्षेत्र के डवानी निवासी 26 वर्षीय तरुण कुमार यादव आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस के स्नातक हैं। उनके पिता सुनील कुमार यादव नीमराना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता हैं। माता दीपक रानी डवानी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका है

**वहीं दूसरी तरफ**



डवानी निवासी तरुण कुमार ,203 वी रैंक

उत्कर्ष यादव की सफलता से



उत्कर्ष यादव 32वी रैंक

हमींदपुर गांव में खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई देवेंद्र यादव 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में दौसा के जिला कलेक्टर हैं। उत्कर्ष हमींदपुर गांव से तीसरे आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे पहले बहरोड़ की बेटी प्रीति यादव भी पंजाब कैडर की आईएएस अधिकारी हैं। उत्कर्ष यादव का चयन होने पर उनके पैतृक गांव हमिंदपुर में परिजन ओर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया

बहरोड़ क्षेत्र के दोनों सफल अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है। तरुण का कहना है कि घर परिवार व बुजुर्गों के नियम व निर्देश पर सही दिशा में की गई मेहनत से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। बहरोड़ क्षेत्र के दोनों होनहारों का स्थानीय लोगों ने की इसकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पुलिस ने घायल गाय का वध कर मांस बनाने वाले पांच आरोपियों को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

मरुधर विशेष, करन सोनी



**जशपुर।** जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाथ के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को घायल गाय का वध कर उसका मांस बनाने के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह मामला थाना सन्ना क्षेत्र के ग्राम तोरा का है। आरोपियों से मौके पर गौ-मांस भी बरामद किया गया है।


जानकारी के अनुसार ग्राम तोरा निवासी दिलीप तुरी ने 21 अप्रैल को थाना सन्ना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर के सामने गोठान के पास घुईकोना नाला में एक घायल गाय पड़ी थी, लेकिन कुछ देर बाद गाय वहां से गायब थी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, अयुब कुजूर, निलेश एक्का, दिनेश टोप्पो, आकाश उर्फ अवकाश तिर्की और रोहित तिर्की ने घायल गाय को उठाकर उसका वध कर मांस तैयार करना शुरू कर दिया था। सूचना मिलते ही थाना सन्ना पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अयुब कुजूर के कब्जे से झोले में रखा हुआ गौ-मांस जब्त किया और सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपने अपराध को स्वीकार किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 325 एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6, 10 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी हैं:**

1. अयुब कुजूर (37 वर्ष) 2. निलेश एक्का (40 वर्ष) 3. दिनेश टोप्पो (32 वर्ष) 4. आकाश उर्फ अवकाश तिर्की (26 वर्ष) 5. रोहित तिर्की (33 वर्ष), सभी निवासी ग्राम तोरा पारासुरा, थाना सन्ना, जिला जशपुर।

# सुने मकानों से चुराए गए जेवर और लैपटॉप बरामद, आरोपियों ने घर के किचन में दबाया था चोरी का माल..

मरुधर विशेष, करन सोनी



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के गोधनपुर और राजेंद्रनगर क्षेत्र के सुने मकानों में हुई चोरी के मामलों में सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार गोंधनपुर निवासी प्रवीण कुमार टोप्पो ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 नवंबर 2024 को वह काम के सिलसिले में बाहर गया था। लौटने पर उसने पाया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और घर से सोने-चांदी के गहने तथा लैपटॉप चोरी हो गए हैं। इसी तरह, राजेंद्रनगर निवासी राजेंद्र प्रसाद गौतम ने भी शिकायत दर्ज कराई कि जब वह रीवा से वापस लौटा तो उसके मकान का ताला टूटा मिला और सोने-चांदी के गहने, नगदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी हो गए थे। दोनों मामलों में थाना गांधीनगर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

पुलिस ने दौरान विवेचना सागर सिंह चौहान, प्रहलाद वासुदेव, शांति सिंह एवं अंकित गुप्ता को पूर्व में ही गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पुलिस रिमांड पर पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि उन्होंने गोंधनपुर एवं राजेंद्रनगर के सुने मकानों से भी चोरी की थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए गहनों और अन्य सामान को प्लास्टिक डब्बे में भरकर अपने घर के किचन में गड्डा खोदकर छुपाया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक सोने की चेन, एक सोने का कंगन, एक सोने का हार, एक जोड़ी झुमके, सात अंगूठियां, चांदी के सिक्के, एक एनटीपीसी का बड़ा सिक्का, एक केसियो और एक लैपटॉप बरामद किए हैं। आरोपियों को पुलिस रिमांड अवधि पूर्ण होने के बाद पुनः न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक गौरव कुमार पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उप निरीक्षक नवल दुबे, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुशासन तिहार-2025 62 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती-शीघ्र समाधान और आवेदकों को सूचना देना अनिवार्य

मरुधर विशेष, करन सोनी




**कोरिया।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु आज जिला कार्यालय में कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो।

ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में (8 से 11 अप्रैल 2025) जिले में 62,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। बता दें यह तिहार शासन की 'जनहित में त्वरित कार्यवाही' की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है।

कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें।

## दहेज मुक्त शादी अभियान के तहत दूल्हा दुल्हन का किया स्वागत सम्मान




मरूधर विशेष । दिनेश लेखी

**महवा।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव रामगढ़ निवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता पुत्र ने बिना दहेज के शादी कर अनूठी मिसाल पेश की है भारतीय जाटव समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान ठेकेदार अपनी टीम सहित अपने कार्यालय पर दूल्हा दुल्हन सहित परिजनों का स्वागत सम्मान किया। रामगढ़ निवासी विशाल पुत्र राजू लाल एडवोकेट ने गत दिवस सुजानपुर टोडाभीम निवासी पूनम से बिना दहेज के शादी सम्पन्न हुई। भारतीय जाटव समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान ठेकेदार ने बताया कि दहेज समाज के लिए कलंक है दहेज रूपी दानव आज हर समाज में बढ़ता जा रहा है इस पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है और बिना दहेज शादी करना पुनीत कार्य है। इस मौके पर विजय सिंह फौजी, निर्भय सिंह, विशाल एडवोकेट, डॉक्टर मुरारी लाल वर्मा, जितेंद्र खेडला, विष्णु बौद्ध, कोषाध्यक्ष दीनदयाल ठेकेदार, पवन काशीराम, बने सिंह, राजेश सहित महिला शक्ति मौजूद रही। इधर दूल्हा दुल्हन सहित परिजनों ने भारतीय जाटव,समाज टीम का इस सम्मान के लिए आभार जताया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कठूमर की बैठक मसारी में हुई आयोजित



मरूधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मसारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कठूमर के पांचो मंडलों की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कठूमर विधानसभा प्रभारी सुरेश शर्मा पूछरी मौजूद रहे। इस मौके पर मंडल प्रभारी सुरेश शर्मा पूछरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं एवं पांचो मंडल अध्यक्षों को पार्टी के प्रति सजग एवं वफादारी से पार्टी में कार्य करने एकजुट होकर भाजपा की दमनकारी नीतियों के प्रति हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया। और कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक स्तर पर किए जाने वाले पार्टी हित की कार्यो की सराहना की। इस मौके पर पीसीसी सदस्य जयप्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा, शिब्बो गुर्जर, जुम्मा खान, अखे सिंह गुर्जर, महेंद्र शर्मा, भोलू चौधरी, बच्चू गुर्जर, सेठी गुर्जर, भोला मसारी, नीमा चौधरी मानखेडा, कठूमर शहर अध्यक्ष अजय जाटव, तेज सिंह, सुरेंद्र जाटव, रामवीर गुर्जर, शरद मोहन, गिर्राज शरण, राजेश जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संगम अभियान की गूंज जल संरक्षण, कृषि एवं आजीविका विकास पर केन्द्रित कार्यशाला संपन्न




मरुधर विशेष, करन सोनी

**एमसीबी** मनरेगा संगम अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, कृषि नवाचार एवं आजीविका संवर्धन को लेकर जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़, जिला एमसीबी में आज एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन हुआ, इस आयोजन से ग्राम विकास की दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया गया । कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल अधिकारियों को जागरूक किया, बल्कि विभिन्न विभागों के समन्वय को भी सशक्त किया। जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले एवं ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों ने जल संसाधन प्रबंधन, टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ और ग्रामीण आजीविका के नवीन उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि, उद्यानिकी, रेशम, मत्स्य तथा जल संसाधन विभागों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। संगम अभियान को जमीन पर मजबूती से उतारने के उद्देश्य से कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), उप अभियंता, BPM NRLM के प्रभारी, PRP, CLF के अध्यक्ष एवं सचिव, नोडल अधिकारी एवं तकनीकी सहायक (ज्ञस) भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान न केवल योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि स्थानीय जरूरतों के अनुसार रणनीति निर्माण में भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

## महिला वैश्य समाज कठूमर की कार्यकारिणी का हुआ गठन



मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर।** महिला वैश्य समाज कठूमर की नव मनोनीत अध्यक्ष बीना बंसल ने मंगलवार को अपनी कार्यकारिणी घोषित करते हुए वर्षा जैन को महामंत्री व पारूल खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। बीना बंसल ने अपनी कार्यकारिणी में पिंकी खंडेलवाल, बीना खंडेलवाल, व अनीता जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पलक खंडेलवाल व अनीता खंडेलवाल को उपाध्यक्ष, पूजा जैन को सांस्कृतिक मंत्री, साक्षी बंसल व अर्चना खंडेलवाल को मंत्री,ज्योति खंडेलवाल को कार्यालय मंत्री व सोनिया बंसल को सदस्य बनाया गया है।

## भरतपुर सांसद संजना जाटव की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित

# जनप्रतिनिधि की सजगता एवं प्रशासन के आत्मविश्वास से हर समस्या का समाधान संभव- सांसद

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग,** । भरतपुर सांसद संजना जाटव ने मंगलवार को पंचायत समिति सभागार डीग में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न वर्गों को लाभान्वित करने, योजनाओं के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने, योजनाओं का आमजन तक सीधा लाभ पहुंचाने के संबंध में सक्रियता के साथ कार्य करें।




### शिक्षा, सड़कें, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दें अधिकारी

भरतपुर सांसद संजना जाटव ने विभागीय योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रत्येक व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए आम लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले को राज्य में अग्रणी जिला बनाने के लिए शिक्षा, सड़कें, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता में रख कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान पूर्ण हो चुके गांवों की सूची मांग कर स्थानीय जनप्रतिनिधि से पूर्ण कार्यों की भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन ऋतु के मद्देनजर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई एक अहम बिंदु है ऐसे में जलदाय विभाग के अधिकारी इसे गंभीरता के साथ लेते हुए निर्बाध पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत के कार्यों को संजीदगी के साथ लेते हुए सड़क की मरम्मत करना एवं दोषी ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि की सजगता और प्रशासन के आत्मविश्वास से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। श्रीमती जाटव ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने नगर निकायों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियानों की प्रगति की भी गहन समीक्षा की।

### गुलपाड़ा निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यदि कोई भी कार्य उनके स्तर से नहीं हो पा रहा है तो बिना समय जाया किए वे उच्च स्तरीय अधिकारी को अवगत कराए ताकि संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जा सके। उन्होंने राजीविका विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जहां-जहां श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालित नहीं की जा रही है उसके लिए कोई और जगह चिन्हित कर योजना का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाएं। सांवई खेड़ा डिप्रेशन कार्य में यह बताया गया कि 305 मीटर पाइपलाइन अभी तक बिछा दी गई है और इस समय भी कार्य प्रगतिरत है। गुलपाड़ा अस्पताल में श्रीमती जाटव के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली गई। सीएमएचओ ने बताया कि चिकित्सकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही उनका स्थानांतरण गुलपाड़ा से कर दिया गया है।

### लोकल व्हाट्सएप ग्रुप से जानकारी लेते हुए बिजली संबंधित समस्या का हो समाधान

जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बिजली की समस्या के संबंध में अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल को निर्देशित किया कि वह जहां कहीं भी बिजली की समस्या है वहां व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर जनप्रतिनिधि, पत्रकार और जागरूक नागरिकों को जोड़े ताकि शीघ्र अतिशीघ्र लोगों की समस्या का समाधान हो सके। पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में सांसद ने जनप्रतिनिधि सहित सभी को पीएम सूर्य घर कैंपों में पहुंचकर योजना का लाभ लेने को कहा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा पहल कर योजना का लाभ लिया जाए ताकि आमजन में उक्त योजना के प्रति जागरूकता बढ़ सके। इस अवसर पर प्रधान पंचायत समिति डीग शिखा कौरैर, सरपंच सिनसिनी राजाराम, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग देवी सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भरतपुर मृदुल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह, विकास अधिकारी डीग जतन सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सक्षम पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय पोषण मेले का हुआ आयोजन




मरुधर विशेष आमिर खान कामा

**कामां -** बाल विकास परियोजना अधिकारी कामां पहाड़ी में सक्षम पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय पोषण मेले का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषाहार से विभिन्न प्रकार की रेसिपी की प्रदर्शनी सजाई गई। सीडीपीओ श्री राजेश कुमार जी ने अपने विभाग के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं के द्वारा सुविधाओं के बारे में बताया। तथा अक्षय तृतीया और पीपला पूर्णिमा के अवसर पर बाल विवाह न करने का अत्यधिक प्रचार प्रसार किया जाए तथा साथ ही कार्यक्रम में श्रीमती गरिमा भारद्वाज द्वारा पोषण ट्रैकर एप के संचालन पर प्रकाश डाला गया और उसमें आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में 5 महिलाओं की गोद भराई तथा 5 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 22 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार मीणा जी सीडीपीओ, गरिमा भारद्वाज, शशि खंडेलवाल, कुसुम लता सीमा कुमारी, शालू, ओमप्रकाश जी, दामोदर शर्मा, हेमंत कुमार तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित थी

## एमबीडी कॉलेज में श्री संजय कुमार बने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़। मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय में आज संजय कुमार ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार देपन ने मामा बालेश्वर दयाल की तस्वीर भेट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। संजय कुमार ने वर्ष 1996 में कॉलेज शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अपनी सेवा की शुरुआत की थी।जो निरंतर परिश्रम एवं समर्पण के साथ उन्होंने विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियाँ निभाई हैं। संजय कुमार राजकीय महाविद्यालय बांसवाड़ा से सहायक प्रशासनिक अधिकारी से पदोन्नत होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बने है।महाविद्यालय परिवार ने श्री संजय कुमार के नवीन दायित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में कन्हैयालाल खांट , डॉ कमलेश कुमार मीना , मणिलाल परमार , ईश्वरचंद परमार , रामचंद्र कटारा आदि उपस्थित रहे। ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी ।

## राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ, ब्लॉक सज्जनगढ़ द्वारा जिला संगठन के आह्वान पर रखी एक दिवसीय भुख हड़ताल

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ,ब्लॉक सज्जनगढ़ द्वारा जिला संगठन के आह्वान पर आज दिनांक 21 अप्रेल को एक दिवसीय भुख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस दौरान सज्जनगढ़ कस्बे के शिव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी निलेश कुमार नाई ने की। भूख हड़ताल पर रहे कार्मिकों ने कहा कि राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के तहत शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक जो कि क्रमशः विद्यार्थी मित्र (2008 से 2014) तथा ग्राम पंचायत सहायक (2017 से 2022) का कार्य अनुभव रखते हैं। संविदा सेवा नियम-2022 के तहत नियोजित कार्मिकों के पदों को नियमित पदों में परिवर्तित करने पर नियम-20 के तहत सेवा व अनुभव की पात्रता में ये कार्मिक आवश्यक मापदंड पूर्ण कर रहे हैं । सज्जनगढ़ ब्लॉक में पंचायत शिक्षकों एवं विद्यालय सहायकों की संख्या 83 है। इन्होंने राज्य सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट से पूर्व राज्य सरकार द्वारा आमजन से सुझाव मांगे गए थे जिसमें संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की मांग प्रमुखता से उभरी थी वहीं चुनावी संकल्प-पत्र में संविदा शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वादा किया गया था परंतु उन्हें आज दिन तक राहत नहीं दी गई।



बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने वर्तमान बजट घोषणा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दी गई 2 वर्ष की छूट को धरातल पर लागू करते हुए प्रदेशभर के पंचायत शिक्षकों एवं विद्यालय सहायकों के नियमितीकरण हेतु SOP प्रक्रिया जारी करने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दाडमचंद्र नाई, जिला संगठन मंत्री महेश चंद्र पारगी, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरालाल दामा, ब्लॉक संयोजक जुबेर शेख, ब्लॉक संगठन मंत्री नटवरलाल यादव व मोहनलाल गरासिया, ब्लॉक मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार पटेल, ब्लॉक सलाहकार विश्वास कामोल व रमेशचंद्र भूरिया, कैलाशचंद्र डामोर, तेरसिंह डिन्डोर, श्यामलाल डामोर, नरूलाल डिन्डोर, कोमचंद, सोमसिंह सिंघाड़ा, रमेशचंद्र, हवसिंह बारिया, सूर्यसिंह मेरावत, तोलसिंह डामोर, ललिता कटारा, ललिता अड़ सहित कई पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह चौहान ने किया जबकि आभार ब्लॉक संरक्षक बादरसिंह गरासिया ने जताया।

## बांसवाड़ा जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव को सिविल सर्विस डे पर सम्मानित किया

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव को सिविल सर्विस डे पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज 75 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनका लक्ष्य है शत-प्रतिशत समस्याओं का निराकरण कर जनता को बेहतर सुविधाएं देना।

## अभय ग्राम शिवपुरा में भूमि सुपोषण का कार्यक्रम किया गया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा तलवाड़।** अभय ग्राम शिवपुरा में भूमि सुपोषण का कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक नाथु जी पटेल एवं मुख्य अतिथि अनन्त गुप्ता ने कि गौसेवा संयोजक आशीष द्विवेदी ने बताया कि गोपालक किसानों ने अपने अपने खेत कि मिट्टी को कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित कर मिट्टी कलश रखकर गौमाता के साथ सामुहिक पूजन किया गया, उपस्थित सभी ने रसायन मुक्त गौ आधारित जैविक कृषि का संकल्प लिया। इस अवसर पर गो कृपा अमृत बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, घर-घर गोकृपा अमृत तैयार करने की जिम्मेदारी सामुहिक निर्णय कर बसंत पटेल को दी गई है,पूजन की गई मिट्टी को सभी खेतों में गो कृपा अमृत के साथ मिलाया जायगा।

## पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा वितरण किए परिंडे

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** नौगामा में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में आज महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा महावीर समवशरण परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं जैन पाठशाला के छात्रो एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में इस भीषण गर्मी को देखते हुए आसमान में उड़ने वाले प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर नौगामा शाखा के संरक्षक डॉक्टर अजीत गांधी महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी, विधानाचार्य रमेश चंद्र गांधी शाखा सचिव कैलाश पंचोरी कोषाध्यक्ष मोहनलाल पंचोरी सुरभि मोटर्स के प्रोपराइटर और राजेंद्र गांधी, नसिया मंदिर के मैनेजर महेंद्र कुमार जैन,वीरा विमला पंचोरी,वीर जगजी कटारा,जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी, दिनेश चरपोटा महेंद्र गांधी की उपस्थिति में जैन पाठशाला की छात्रों को एवं ग्रामीणों को परिंडे वितरण किए गए।इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने सभी को प्रतिदिन प्रातः एक लोटा पानी इन परिंडो में डालने के लिए शपथ दिलाई एवं उन्होंने कहा कि महावीर इंटरनेशनल शाखा प्रतिवर्ष आसपास के गांवो में शाखा द्वारा गर्मियों में परिंडे वितरण किए जाते हैं एवं पशुओं के लिए चिन्हित स्थानो पर पानी की टंकियां रखवाई गई है एवं आगामी 5 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स की स्थापना के 50वीं वर्षगांठ जयपुर में मनाने की जानकारी दी इस अवसर पर डॉक्टर अजीत गांधी इस अवसर पर कहां की आज पृथ्वी दिवस है और पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हमें प्रयास करना है प्राकृतिक दोहन जिससे पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है पर्यावरण विशुद्ध हो रहा है एवं प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही है इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए एवं संपूर्ण विश्व को प्लास्टिक मुक्त करना चाहिए किया जाना चाहिए। इस अवसर पर विधानाचार्य रमेश चंद्र गांधी ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की जानकारी दी इस अवसर पर चार्टर अकाउंटेंट सर्वज्ञ विनोद कुमार खाडू कॉलोनी द्वारा 500 परिंडे, कवि उत्सव गांधी की ओर से 101, पंचोरी सोनू कैलाश मोदी 201 अपनी ओर से वितरण करने हेतु राशि प्रदान की कार्यक्रम का संचालन मनीषा नानावटी द्वारा किया गया।

## राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ, ब्लॉक सज्जनगढ़ द्वारा जिला संगठन के आह्वान पर रखी एक दिवसीय भुख हड़ताल

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ,ब्लॉक सज्जनगढ़ द्वारा जिला संगठन के आह्वान पर आज दिनांक 21 अप्रेल को एक दिवसीय भुख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस दौरान सज्जनगढ़ कस्बे के शिव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी निलेश कुमार नाई ने की। भूख हड़ताल पर रहे कार्मिकों ने कहा कि राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के तहत शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक जो कि क्रमशः विद्यार्थी मित्र (2008 से 2014) तथा ग्राम पंचायत सहायक (2017 से 2022) का कार्य अनुभव रखते हैं। संविदा सेवा नियम-2022 के तहत नियोजित कार्मिकों के पदों को नियमित पदों में परिवर्तित करने पर नियम-20 के तहत सेवा व अनुभव की पात्रता में ये कार्मिक आवश्यक मापदंड पूर्ण कर रहे हैं । सज्जनगढ़ ब्लॉक में पंचायत शिक्षकों एवं विद्यालय सहायकों की संख्या 83 है। इन्होंने राज्य सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट से पूर्व राज्य सरकार द्वारा आमजन से सुझाव मांगे गए थे जिसमें संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की मांग प्रमुखता से उभरी थी वहीं चुनावी संकल्प-पत्र में संविदा शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वादा किया गया था परंतु उन्हें आज दिन तक राहत नहीं दी गई।
बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने वर्तमान बजट घोषणा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दी गई 2 वर्ष की छूट को धरातल पर लागू करते हुए प्रदेशभर के पंचायत शिक्षकों एवं विद्यालय सहायकों के नियमितीकरण हेतु SOP प्रक्रिया जारी करने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दाडमचंद्र नाई, जिला संगठन मंत्री महेश चंद्र पारगी, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरालाल दामा, ब्लॉक संयोजक जुबेर शेख, ब्लॉक संगठन मंत्री नटवरलाल यादव व मोहनलाल गरासिया, ब्लॉक मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार पटेल, ब्लॉक सलाहकार विश्वास कामोल व रमेशचंद्र भूरिया, कैलाशचंद्र डामोर, तेरसिंह डिन्डोर, श्यामलाल डामोर, नरूलाल डिन्डोर, कोमचंद, सोमसिंह सिंघाड़ा, रमेशचंद्र, हवसिंह बारिया, सूर्यसिंह मेरावत, तोलसिंह डामोर, ललिता कटारा, ललिता अड़ सहित कई पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह चौहान ने किया जबकि आभार ब्लॉक संरक्षक बादरसिंह गरासिया ने जताया।

## वजवाना मे 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का 28 से 30 अप्रैल तक आयोजन

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** तलवाड़ा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 28 से 30 अप्रैल तक वजवाना मे आयोजित होने वाले 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार ट्रस्ट घाटोल के निर्देशन मे होगा! इसी के तहत आज 21 अप्रैल सोमवार को वजवाना मे भूमि पूजन एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ के साथ समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति मे किया गया। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक सुरेश जोशी बांसवाड़ा, गायत्री शक्ति पीठ घाटोल के मुख्य ट्रस्टी हीरालाल पंचाल घाटोल, ट्रस्टी ललित द्विवेदी, देवीलाल चरपोटा, प्रभुलाल बुनकर तहसील प्रभारी हीरालाल पंचाल परतापुर ने भूमि पूजन और यज्ञ की विधियां सम्पन्न कराई! कार्यक्रम मे गायत्री परिवार के तहसील प्रभारी हीरालाल पंचाल परतापुर ने बताया की सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार की टोली करेंगी। 27 अप्रैल को मशाल जुलुस निकाला जायेगा तथा 28 अप्रैल की सुबह कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत होंगी।

## 101 कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर लिमथान में श्री विष्णु अनुष्ठान 30 से

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** श्री परशुराम एवं श्री कृष्ण धाम लिमथान पर प्रस्तावित 101 कुण्डीय श्रीविष्णु महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। पौराणिक तीर्थ पर प्रस्तावित इस विराट आयोजन को लेकर सर्व सनातन समाज में उत्साह बना हुआ है। सर्व समाज के सहयोग से विप्र फाउंडेशन के संयोजन में होनेवाले आयोजन में सभी यजमान तैयार हो चुके हैं। कार्यक्रम संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि परशुराम मन्दिर पर शिखर स्थापना चौबीसा ब्राह्मण समाज लिमथान द्वारा की जाएगी। श्री कृष्ण मंदिर पर देहाती आदिवासी समाज लिमथान के पंचों द्वारा शिखर स्थापना की जाएगी। परशुराम मन्दिर पर कीर्ति स्थापना बांसवाड़ा प्रधान बलवीर रावत एवं कृष्ण मंदिर पर कीर्ति स्थापना सियापुर सरपंच विट्ठल डामोर नांदिया के द्वारा की जाएगी। सोमवार को आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी रहे।अध्यक्षता महायज्ञ के संरक्षक स्वामी विवेकानंद महाराज बड़ोदिया ने की। इस मौके पर हेमेन्द्र जोशी, कल्याण मुखिया सलिया, राजेंद्र जोशी, मनोज चौबीसा, राजेश चौबीसा, जतिन जोशी, लक्ष्मी व्यास सहित यजमान मण्डल सहयोग में जुटा हुआ है। परशुराम सेवा संस्थान के संयोजक महेश जोशी नवागांव ने बताया कि कुण्ड की खुदाई का कार्य प्रवटेंग पटेल नांदिया के नेतृत्व में कई जा रही है। 30 अप्रेल को श्री परशुराम जयंती से 2 मई श्री शंकराचार्य जयंती तक चलने वाले महायज्ञ के लिए गांव-गांव में जन सम्पर्क किया जा रहा है। विशाल गंगाजल कलश यात्रा के लिए प्रधान कलश जयश्री सोनी घाटोल यजमान रहेंगी। इधर सालिया, बड़ोदिया, सुरवानिया, करजी, चोखला, बांसवाड़ा, इटाउवा, नवागांव, ठिकरिया, सागडोद, बोरवट, नांदिया सहित जिले के विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क किया जा रहा है।

## जिले में बीते दिनों गौवंश से भरे 52 ट्रक को जब्त करने के मामले को धेनु शक्ति संघ के बैनर तले जिले भर से महिलाओं का समूह कलेक्ट्री पहुंचा

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** जिले में बीते दिनों गौवंश से भरे 52 ट्रक को जब्त करने के मामले के बाद अब भी जिले में लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्योंकि लोग तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग पर अड़े हुए हैं।सोमवार को धेनु शक्ति संघ के बैनर तले जिले भर से महिलाओं का समूह कलेक्ट्री पहुंचा और वहां पहले नारेबाजी की। इस दौरान हर वर्ग की महिलाएं शामिल रही।जिले भर में कार्यवाही लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी विरोध की कड़ी में आज महिला शक्ति ने प्रदर्शन किया। साथ ही ज्ञापन में बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में पशु क्रूरता की पराकाष्ठा हो गई। अमानवीय तरीके से एक एक ट्रक में 10-12 गोवंश पशु ठूस-ठूस कर भरे हुए थे। जिसमे दो बेल मृत अवस्था में पाए गए तथा अधिकांश घायल अवस्था में उतारे गए। इलाज के दौरान एक बेल की तलवाड़ा गौशाला में मृत्यु हो गई है। सभी ट्रक में गौवंश के भोजन-पानी लिए किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी। कोर्ट ने नियमों की अवहेलना कर गौ वंश का परिवहन किया गया है। महिलाओं ने मांग रखी है कि ट्रकों के मालिकों पर तत्काल FIR दर्ज कर पशु तस्करों को गिरफ्तार किया जाए।बांसवाड़ा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर विभागीय एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाए। राज्य स्तर पर एक विशेष जांच समिति (स्ह्रज्ञ) गठित कर पशु तस्करी गिरोह की गहन जांच की जाए।

### कामां पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## पुलिस ने 8 साइबर ठगो को किया गिरफ्तार एवं पांच नाबालिकों को किया निरुद्ध

मरुधर विशेष



**संवाददाता आबिद खान कैथवाड़ा कामां डीग** कब्जे से 14मोबाइल फोन,22000 रुपए, एक ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान जब्त रेंज स्पेशल टीम व डीएसटी टीम के साथ प्राप्त लोकेशन पर की कार्रवाई ऑपरेशन एंटीवायरस व साइबर शील्ड अभियान जारी कामां थाना क्षेत्र के नंदेराबास की नहर के पास जंगल में की कार्रवाई

# रामपुर के सरिस्का के जंगलों में लगी आग, दमकल को सूचना दी, वन्य जीवों पर खतरा



मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर के रामपुर के पास सरिस्का के जंगलों में पिछले करीब तीन घंटे से आग लगी हुई है। आग लगातार जंगल की ओर बढ़ रही है। आग लगने से सरिस्का के वन्य जीवों को भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे से ही आग लगी हुई है और लगातार जंगल की ओर बढ़ रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी है। वन विभाग फोरेस्टर मनोज नागा ने बताया कि ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना दी है। वहां तक पहुंचने के लिए रास्ता देखा जा रहा है। उसके बाद आग बुझाने के प्रयास किए जाएंगे।

# विधायक देवीसिंह शेखावत ने अधिकारियों की बैठक ली, गर्मी के मौसम को देखते हुए दिशा निर्देश दिए

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर पंचायत समिति सभागार में आज विधायक देवीसिंह शेखावत ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और आमजन की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई की गई। इस दौरान बैठक में विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों से समीक्षा की है और चिकित्सा विभाग और जलदाय विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विभाग पेयजल संबंधित सभी कमियों को दूर कर लोगों तक पानी उपलब्ध करवाए। वही चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर अस्पतालों में आने वाले मरीजों को सुलभ ईलाज और समय पर अस्पताल आने के निर्देश दिए गए। इसके बाद विधायक ने आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित विभाग को भेजकर उनका निस्तारण करवाया गया। इस दौरान एसडीएम अनुराग हरित, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेमचंद गुर्जर को मिली बड़ी जिम्मेदारी,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के समन्वयक बने

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश संगठन महासचिव ओमकार शर्मा ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के समन्वयक के पद बानसूर में खेमचंद गुर्जर को नियुक्त किया है। खेमचंद गुर्जर को नियुक्त कर संगठन की आचार संहिता का निष्ठा पूर्वक पालन करने के निर्देश दिए गए वही जमीनी स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की विचार धारा को मजबूत करने में पूर्ण समर्पण रखेंगे। इस दौरान खेमचंद गुर्जर ने कहा कि संगठन में जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के प्रयास करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को घर घर पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# अग्रवाल समाज बहरोड़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय अग्रवाल का फूल मालाओं से किया भव्य स्वागत



मरुधर विशेष

**बहरोड़(धर्मेन्द्र चर्खिया)** अग्रवाल समाज बहरोड़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय अग्रवाल का श्री श्याम मोटर्स टाटा टेल्को पर श्री श्याम मोटर्स के निदेशक दीनदयाल खंडेलवाल, श्री श्याम परिवार मित्र मंडल बहरोड व विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों व शहर के गणमान्य लोगों ने साफा व माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर महेश नांगल वाले, महिपाल सेन, अनिल सेठ, देवी दयाल अग्रवाल, महेंद्र बेदी, निकेश मोदी, दिनेश मंगल, मोनू ठेकेदार, निहाल यादव, बलराज यादव जाजुवास, जगदीप गुप्ता( पूर्व अध्यक्ष वैश्य समाज बहरोड), गिरिराज प्रजापत, शशि पंडित, रमन एडवोकेट, राजकुमार जिंदल, गजराज यादव (उप प्रधान पंचायत समिति बहरोड), गोविंद मंगल (प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन), योगेश गोयल, मुकेश मंगल आदि उपस्थित रहे। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस मान व सम्मान के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं और कहा कि आपने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा और सबको साथ लेकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर समाज का समग्र विकास करने की कोशिश करूंगा।

# हमीदपुर निवासी उत्कर्ष यादव का सिविल सेवा परीक्षा मे चयन होने पर ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई

मरुधर विशेष



**बहरोड़(धर्मेन्द्र चर्खिया)** गांव हमीदपुर निवासी उत्कर्ष यादव पुत्र दयाराम यादव का हुआ सिविल सेवा परीक्षा मे चयन. उत्कर्ष यादव की ऑल इण्डिया 32 वीं रैंक बनी है. उत्कर्ष के बड़े भाई देवेंद्र यादव 2017 बैच के आई ए एस है ओर 97 वि रैंक रही थी. ओर वर्तमान मे दौसा जिला कलेक्टर के पद पर आसीन है. गांव मे खुशी का माहौल गई घरवालों ने मिठाईया बाँट कर बधाईया दी. हमीदपुर गांव मे सिविल सेवा मे तीसरी बार चयन हुआ है. इस दौरान बिशंबर,बंशीलाल.शिवचरण.रोहतास. सतीश निमोरिया. बिल्लू यादव. प्रकाश. कवरसिंह. राजपाल.प्रकाश मास्टर. सत्यवीर. हीरालाल. बलवंत. राजेंद्र शिवचरण. दादा बनवारी. मुकेश. अमित. संजय. रामोतार. लीलाराम. संदीप. कमलेश. सुरेन्द्र.सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे

# नीमराना पंचायत समिति साधारण सभा बैठक आयोजित विकास कार्यों का हुआ अनुमोदन

मरुधर विशेष



**नीमराना (सुनील मेघवाल)** पंचायत समिति नीमराना की साधारण सभा का आयोजन मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गत बैठक का अनुमोदन किया गया। बैठक नीमराना प्रधान संतोष यादव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खूंदरोठ सड़क से ढाणी दुलावा तक एक किलोमीटर लंबी सड़क बनाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन फेज -2 के तहत 9 ग्राम पंचायतो? अकलीमपुर , फौलादपुर, जौणायचा खुर्द, कानहावास, हुंडिया खुर्द, नंगली बलाई, माजरा, परतापुर, सांतो के 18 गांवों में और कुल 297 कार्य किये जाने का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत इन गांवों में अम्रत सरोवर, फार्म पोंड, मेडबंदी, जोडड, रिचार्ज साफ्ट, रूफ टोप वाटर हार्वेस्टिंग तालाब निर्माण आदि कार्य करवाए जायेंगे। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी हिंमाशु चौहान, गौरव सिंह, प्रदीप यादव, अमित चौधरी के द्वारा दो वर्ष का परिवीक्षा काल पूर्ण किया जाने पर उनका स्थाईकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास आदि से संबंधित समस्याये भी उठाई। उपखंड अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव एवं विकास अधिकारी दिनेश यादव द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठायी गयी समस्याओ के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिषद सदस्य वेदप्रकाश खबरी, पंचायत समिति सदस्य रिंकी, नीतू गोपी चंद बसई, बाबुलाल, प्रेम देवी, गूगल कोटा सरपंच श्याम सुंदर, सिरयानी सरपंच उमाशंकर यादव, कायसा सरपंच भूपसिंह, परतापुर सरपंच अर्जुन सिंह, कुतीना सरपंच रविन्द्र सिंह चौहान, जौणायचा खुर्द सरपंच अजीत यादव, तहसीलदार मांढण सुमित भारद्वाज, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल, रामहंस गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अधिकारी होतीलाल यादव, ब्लाक सांख्यिकी अधिकारी कुसुम कुमार गोयल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता रामवीर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी धन सिंह, वाटर शेड के सहायक अभियंता मुकेश कुमार,डीएसपी सचिन शर्मा, बीसीएमओ डा. सुरेश कुमार सहित सभी विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शार्ट सर्किट होने से कबाड़ के गोदाम मे लगी आग



मरुधर विशेष सुनीता सैनी

**बावल** नजदीक गांव नांगल तेजू मे बिजली का तार टूटने से कबाड़ के गोदाम मे आग लग गई मोके पर पुलिस व् दमकल विभाग की टीम पहुंची और कडी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया मिली जानकारी के अनुसार नजदीक गांव नागल तेजू मे बिजली का तार टूटने से ईंधन मे आग लग गई धीरे धीरे आग नजदीक कबाड़ के गोदाम तक पहुंच गई जिससे गोदाम मे रखे प्लास्टिक के ड्रम व् अन्य सामान जलकर राख हो गया आग सुलगती देख पुलिस व् दमकल विभाग की टीम क़ो सुचना दी गई मोके पर दमकल विभाग की दो गाड़िया पहुंची और आग पर काबू पाया आसपास के लोग मोके पर पहुंचकर आग आग पर पानी डालकर बुझाने मे मदद की कबाड़ के गोदाम मालिक नें बताया लाखो रूपये का माल जलकर राख हो गया हैं नजदीक पट्रोल पम्प तक आग नहीं पहुंची जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया

# डॉ. अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन,5 परिवारों का विधायक ने किया सम्मान





मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर विधानसभा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने मंडल अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एससी परिवारों के घरों का दौरा किया। विधायक ने पांच घरों का दौरा कर मदन मेघवाल, शिंभूनाथ, फूलचंद, नीलम मेघवाल और दिनेश मेघवाल सहित कई समाज के लोगों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मेघवाल समाज के प्रदेश सचिव सुनील मेघवाल, अंबेडकर समाज के कोषाध्यक्ष अशोक रागेरा और अन्य समाज के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शेखावत ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे। वे सामाजिक समता और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना और उनका विश्वास जीतना है। कार्यक्रम में बानसूर मंडल महामंत्री योगेश सोनी, एडवोकेट नवीन कुमार यादव, आईटी सेल के विजय कुमावत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जय भीम और बाबा साहब अमर रहे के नारों के साथ हुआ। इस दौरान स्थानीय जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

# काई मैन्युफैक्चरिंग इंडिया प्रा. लि. और पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लि. द्वारा नीमराना में 740 KWP सौर रूफटॉप परियोजना का उद्घाटन






मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए काई मैन्युफैक्चरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 22 अप्रैल मंगलवार को अपने नीमराना (राजस्थान) स्थित उत्पादन संयंत्र में 740 kWp DC सौर रूफटॉप परियोजना का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। यह परियोजना हमारे प्रेसिडेंट और सीईओ हिरोआकी एंडो द्वारा प्रारंभ की गई। यह परियोजना दोनों कंपनियों की नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने और कार्बन उत्सर्जन में कटौती की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत के सतत विकास और हरित ऊर्जा के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है। उद्घाटन समारोह में दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, तकनीकी टीमों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। पारंपरिक भारतीय स्वागत जिसमें तिलक और माला पहनाना शामिल था।समारोह की शुरुआत को सांस्कृतिक सद्भाव और सम्मान से भर दिया। कार्यक्रम में नारियल फोड़ने, रिबन काटने जैसे प्रतीकात्मक अनुष्ठान और सौर प्रणाली के आधिकारिक सक्रियण जैसे चरण शामिल थे। इस अवसर पर काई और पैनासोनिक के प्रतिनिधियों ने दीर्घकालिक पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी की अपनी साझी प्रतिबद्धता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को और सुदृढ़ करने के इरादे को दोहराया। यह स्थापना वार्षिक ऊर्जा बचत में उल्लेखनीय योगदान देगी और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन संचालन को प्रोत्साहित करेगी। . इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधक अमित यादव, राजेश पांडया,केईची फुनकोशी,रविंद्र सैनी,सुधीर मक्कड़,संजय,सिमरन सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# खोखरिया वाला पीर बाबा का विशाल मेला आयोजित , विशाल कुश्ती दंगल आयोजित

मरुधर विशेष





**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर के हरसौरा कस्बे में पहाड़ी पर स्थित श्री खोखरिया वाला पीर बाबा मंदिर पर मंगलवार को विशाल मेला आयोजित किया गया। मेले में सुबह से ही मंदिर में श्रदालुओं की भीड लगी रही। वहीं शाम को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

मेला कमेटी अध्यक्ष लीलाराम प्रजापत ने बताया कि क्षेत्र में खोखरिया वाला पीर बाबा का प्राचीन समय से ही मेले का हर वर्ष आयोजन किया जा रहा है। सोमवार सुबह से मंदिर पर रामायण पाठ शुरू कर मंगलवार सुबह हवन कर मेले का शुभारंभ किया गया।आसपास के दर्जन भर गांवों में बाबा की बड़ी मान्यता है। घरों में खीर चूरमा बनाकर बाबा को भोग लगाया जाता है। मेले में बच्चों के खिलौने और चाट पकौड़े की दुकानों पर खरीददारी करने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। मेले में भीड को देखते हुए पुलिस जाब्ता तैनात रहा और मेला कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम किए गए।

वहीं शाम को विशाल कुश्ती दंगल में हजारों की संख्या में जनसमूह उमड़ पड़ा। कुश्ती दंगल में ग्रामीणों के सहयोग और मेला कमेटी की ओर से 51 रूपये से लेकर 21 हजार रूपये तक की कुश्ती करवाई गई। जिसमें अंतिम कामडे की कुश्ती 21 हजार रूपये की कुश्ती करवाई गई। जिसमें कई राज्यों के प्रसिद्ध पहलवानों ने हिस्सा लेकर दाव पेंच दिखाए। अंतिम कामडे की कुश्ती कालू पहलवान आसलवास और रींकू पहलवान अटेली के बीच हुई। जिसमें दोनों ही पहलवानों के बीच काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें कालू पहलवान ने अंतिम कामडे की कुश्ती जीती। मेला कमेटी की ओर से विजेता पहलवान को 21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सरपंच रमेश अंबावत, लीलाराम प्रजापत, घनश्याम शर्मा, बाबूलाल छिलवाल, राम मित्तल, छंगाराम सैनी, कमल तिवाड़ी, सुनील ठेकेदार, मोहरसिंह पीटीआई, नितिन यादव, केदार यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को करवाया श्रीकृष्ण भोग

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** छोटी सरवन में पारिवारिक आयोजन में ग्रामीणों को जोड़ने की दृष्टि से छोटी सरवन ब्लॉक के राउप्रावि खूंटड़िया में कार्यरत संस्था प्रधान वनेश्वर गर्ग ने अपने स्वर्गीय पिताजी बद्रीप्रसाद गर्ग की पुण्यतिथि पर स्कूल के विद्यार्थियों को श्री कृष्ण भोग करवाया। संस्था प्रधान वनेश्वर गर्ग ने बताया कि मिड-डे-मील योजना से आमजन को जोड़ने के लिए श्रीकृष्ण भोग योजना शुरू की गयी है। स्कूल और अभिभावकों में आपसी सामंजस्य, सद्भाव, विद्यार्थियों के ठहराव व नामांकन बढ़ोतरी को लेकर इस योजना की शुरूआत हुई। उन्होंने ग्रामीणों को भी इस योजना में सहयोग करने एवं विभिन्न अवसरों को विद्यार्थियों के साथ स्कूल में मनाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए सोहनलाल मईड़ा ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी स्कूलों में संचालित मिड-डे-मील योजना में अब ग्रामीणों की भागीदारी भी जोड़ी गई है। अब घर में सामाजिक कार्यक्रम होने, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, पुण्यतिथि,बच्चों को नौकरी मिलने, धार्मिक यात्रा कर लौटने, त्यौहारों के साथ ही जीवन के अन्य विशेष दिनों को यादगार बनाने और खुशी बांटने के लिए स्कूलों में स्वेच्छा से मिड-डे-मील के तहत भोज का आयोजन किया जा सकता है। इस योजना को श्रीकृष्ण भोग नाम दिया गया है। इस योजना से प्रभावित होकर ही स्कूल के संस्था प्रधान ने अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर स्कूल के विद्यार्थियों को भोजन करवाकर इसे यादगार बनाया। विद्यालय के विकास भगोरा ने बताया कि श्री कृष्ण भोग के तहत विद्यार्थियों को लपसी,दाल-चावल का भोजन करवाया गया। इस अवसर पर चन्द्रवीर सिंह राठौड़ जगदीश चरपोटा,पवन कुमार कतीजा कैलाश पाटीदार गोविंदलाल निनामा किरण गर्ग जीनल गर्ग आशा चरपोटा सज्जन देवी लीला चरपोटा प्रियंका सहित स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोमाता मे ही गोविंद के दर्शन हे

# गौसेवा के कार्यों मे कोई कमी नही आने देंगे-सन्त श्री गोपालाचार्य गोपालानन्द सरस्वती

मरुधर विशेष

**तलवाड़ा:** नागौर जिले से परिवहन करके ले जाये जा रहे गौवंश जिनको प्रशासन द्वारा गोवर्धन गौशाला संस्थान तलवाडा मे रखा गया हे की चारा - पानी , दलिया , दवाई आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर प्रमुख गौ - भैरव उपासक पुज्य सन्त श्री गोपालाचार्य गोपालानन्द सरस्वती जी महाराज सन्त श्री (जगदीश गोपाल जी महाराज) ने गौशाला मे उपस्थित सभी गौभक्त एवं गौरक्षक दल के कार्यकर्ताओ को इन गौवंश की सेवा-सुश्रुआ के लिये प्राण - प्रण से जुट जाने का आव्हान किया और कहा कि यंहा के गौभक्तो का सौभाग्य हे कि इनकी सेवा करने का हमको पुण्य लाभ मिला है । पुज्य सन्त श्री ने कहा कि वाग्वर अंचल मे गौ सेवा के कार्यों मे किसी भी प्रकार की कमी नही आने दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा गोवर्धन गौशाला को भी 80 बैल इनके चारे-पानी आदि की व्यवस्था के लिये सुपुर्द किये गए हें जिनकी संस्थान द्वारा आवास,चारा पानी आदि की व्यवस्था की जा रही हे एवं तलवाड़ा के सभी कार्यकर्ता एवं गौसेवक-गोरक्षक भाई-बहन

परिश्रम की पराकाष्ठा से इन निरीह मुक प्राणियों गोवंश की सेवा सुश्रुआ मे प्राण-प्रण से जुटे हे तथा गऊ माता की सेवा के लिये तन मन धन से सहयोग कर रहें हे । गौ-भैरव उपासक पुज्य सन्त श्री गोपालाचार्य गोपालानन्द सरस्वती जी ( पुज्य सन्त श्री जगदीश गोपाल जी महाराज) की प्रेरणा से गौभक्तों ने अभी तक कुलरु 42000 ? चारा पानी दलिया आदि की व्यवस्था के लिये गौशाला मे भेट किये हे। ये जानकारी गोवर्धन गौशाला संस्थान तलवाडा प्रवक्ता द्वारा दी गई।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर वाइस ऑफ अर्थ कार्यक्रम आयोजित




मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय कुशलगढ़ एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय कुशलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ईको क्लब द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर वाइस ऑफ़ अर्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपनी धरती माता की रक्षा हेतु संकल्प लें। यह दिन हमें प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। बढ़ते प्रदूषण वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन एवं संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने पृथ्वी को संकट में डाल दिया है। अब समय आ गया है कि हम सतत विकास की ओर अग्रसर हों-जल, वायु, मृदा एवं जीव-जंतुओं की रक्षा करें।

कार्यक्रम समन्वयक कन्हैयालाल खांट ने कहा कि प@ महाभूतों से निर्मित सुन्दर नीला ग्रह पृथ्वी हरे वृक्षों से आच्छादित रहे इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाये। ईको क्लब के विद्यार्थियों ने वृक्ष लगाओं पृथ्वी बचाओं थीम पर पेड़ से लिपटकर वृक्ष बचाओं का संदेश देते हुए नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य कमलेश कुमार मीना नरेन्द्र कुमार संजय कुमार रामचंद्र कटारा आदि उपस्थित रहे। ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी।

# बालकों के पेयजल हेतु वाटर कुलर का शुभारंभ

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नवीन कुशलगढ़ में भामाशाहों के सहयोग से बालकों के शीतल पेय जल हेतु वाटर कुलर का शुभारंभ मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी महोदय अब्दुल शाहीद शेख् एवं कुशलगढ़ नगर क्षेत्र के यूसीईओ भीमजी भाई सूरावत तथा पूर्व आर पी दयाराम परमार तथा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सभाध्यक्ष दिग्पाल सिंह राठौड़ के सानिध्य में किया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नवीन कुशलगढ़ के संस्था प्रधान भरत कुमार माधविया ने बताया कि विधालय में ठंडे पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। किन्तु विधालय एवं नगर क्षेत्र के भामाशाहों के सहयोग से आज वाटर कुलर का शुभारंभ किया जा सका है। इस अवसर पर यूं सी ईओ भीमजी भाई सूरावत ने कहा कि सनातन संस्कृति में वेशाख मास में पेयजल की सुविधा उपलब्ध करना पुण्य का काम है ओर नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ ओर अभिभावकों ने सहयोग करके आज बच्चों के लिए वाटर कुलर का शुभारंभ हो सका। इस अवसर पर मीठालाल दामा, साधना पवार,वर्षा वर्मा आदि उपस्थित थे।संचालन दिग्पाल सिंह राठौड़ ने किया एवं आभार साधना पवार ने व्यक्त किया ।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732